<u>अनुमोदन हेतु मसौदा</u>

सीएसआईआर – केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं 35/34/2020-स्था.I   दिनांक: 05.12.2024

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय : सशस्त्र बल झण्डा दिवस हेतु संस्थान के सभी कार्मिकों के वेतन बिल से 200 रुपये की स्वैच्छिक कटौती के संबंध में।

संस्थान में कार्यरत सभी सहकर्मियों को सूचित किया जाता है कि परिषद मुख्यालय के पत्रांक 5-1(17)/2008-PD दिनांक 29.11.2024 के अनुसरण में संस्थान के सभी कार्मिकों के दिसंबर माह के वेतन बिल से न्यूनतम 200 रुपये की कटौती स्वैच्छिक अंशदान स्वरूप किया जाना है। उक्त धनराशि सशस्त्र बल झंडा दिवस निधि (AFFDF) के बैंक खाते में चेक / डिमांड ड्राफ्ट/ एनईएफटी /आरटीजीएस के माध्यम से 31 दिसंबर, 2024 तक जमा करवाया जाना है। सशस्त्र बल झंडा दिवस निधि (AFFDF) में अंशदान को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 G (5) (vi) के अंतर्गत छूट प्राप्त है।

2. अतः संस्थान के जो भी कार्मिक उपर्युक्त स्वैच्छिक कटौती नहीं करवाना चाहते हैं या जो 200 रुपये से अधिक की कटौती करवाना चाहते हैं, वे अपनी लिखित सहमति दिनांक 15 दिसंबर, 2024 तक संस्थान के आहरण एवं संवितरण अधिकारी श्री राजन तिर्की, अनुभाग अधिकारी (स्था. I) को प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा सहमति मानी जाएगी और तदनुसार सशस्त्र बल झंडा दिवस निधि (AFFDF) के लिए दिसंबर माह के वेतन बिल से 200 रुपये की कटौती की जाएगी।

जय शंकर
05/12/2024
(जयशंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि : –

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय
3. श्री राजन तिर्की, आहरण एवं संवितरण अधिकारी – आवश्यक कार्रवाई हेतु
4. वित्त एवं लेखा अनुभाग – आवश्यक कार्रवाई हेतु
5. नेटवर्क प्रबंधन प्रकोष्ठ – सीरी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
6. सूचना पट्ट